विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2023 के 1-गुरूवार के लिये निर्धारित श्री मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-10 का उत्तर ।

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| ''10 (क) क्या बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बतायेंगे कि जनपद-लखनऊ के ब्लाक-मोहनलालगंज के अन्तर्गत कितनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री है जिन्होने 15 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है और उनमें से कितनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री को प्रोन्नति का लाभ प्रदान कर दिया गया है और कितनी अभी शेष है जो प्रोन्नति की समस्त अर्हताए रखती है? | आंगनवाड़ी कार्यकत्री से मुख्य सेविका के पद पर पदोन्नति की कार्यवाही नहीं की जाती है, अपितु चयन की कार्यवाही की जाती है।<br>जनपद लखनऊ की बाल विकास परियोजना, मोहनलालगंज में कुल 70 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा 15 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली गयी है तथा इनमें से किसी भी आंगनवाड़ी कार्यकत्री का मुख्य सेविका के पद पर चयन नहीं हुआ है। |
| (ख) उक्त शेष आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कब तक प्रोन्नति का लाभ प्रदान करायेंगे? | आंगनवाड़ी कार्यकत्री से मुख्य सेविका के पद पर चयन एक सतत् प्रक्रिया है। इसके अन्तर्गत निर्धारित प्रक्रियानुसार रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही की जाती है। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों?'' | प्रश्न नहीं उठता । |

बेबी रानी मौर्य
मंत्री ।